AGGARWAL COLLEGE OF LAW (WOMEN)

(AFFILIATED TO M.D. UNIVERSITY ROHTAK)

(Approved by Bar Council of India, New Delhi)

Tigaon Road, Near Ambedkar Chowk, Ballabgarh, Faridabad

M. : 9911200927 E-mail : aggarwalcollegeoflawwomen@gmail.com www.aggarwalcollegeoflaw.ac.in

Ref. No. Aclw./2026/148 Dated 24/08/2026

Copy of Resolution

अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (महिला), बल्लभगढ़ की कार्यकारिणी (गवर्निंग बॉडी) की बैठक दिनांक 22/08/2026 द्वारा पारित प्रस्ताव संख्या 2 की सत्यापित प्रमाणित प्रति।

Agenda No. - 2: - अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (महिला), बल्लभगढ़ की कार्यकारिणी (Governing Body) के वर्ष 2026 से 2029 तक के कार्यकाल हेतु चुनाव कराए जाने पर विचार एवं निर्णय।

Resolution No.- 2 :- अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (महिला), बल्लभगढ़ के महासचिव श्री दिनेश गुप्ता जी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (महिला), बल्लभगढ़ की मान्यता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से प्राप्त है। विश्वविद्यालय के संविधान एवं निर्धारित नियमों के अनुसार लॉ कॉलेज के चुनाव अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के तर्ज पर अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (महिला), बल्लभगढ़ गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारियों—प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष, 11 कार्यकारिणी सदस्यों (क्रमांक 01 से 11), 02 शिक्षक प्रतिनिधियों तथा 01 गैर-शिक्षक प्रतिनिधि—का चुनाव कराया जाना है।

इस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आपस में विचार-विमर्श करने के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (महिला), बल्लभगढ़ की आगामी तीन वर्षों की प्रबंध समिति का चुनाव कराने हेतु श्री विजय कुमार गुप्ता जी (Advocate), पुत्र श्री दीनदयाल गुप्ता जी, निवासी मकान नं. - 296, वार्ड नं. - 8, बनिया वाड़ा, बल्लबगढ़ को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

निर्वाचन अधिकारी सभा के संविधान तथा विश्वविद्यालय एवं हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार चुनाव करवाएंगे। नव-निर्वाचित गवर्निंग बॉडी का कार्यकाल आगामी तीन

वर्षों के लिए मान्य होगा। निर्वाचन अधिकारी चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम तैयार करेंगे तथा चुनाव की सूचना एवं कार्यक्रम एक राष्ट्रीय हिंदी तथा एक राष्ट्रीय अंग्रेज़ी समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाएंगे। साथ ही अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ की मूल संस्था (Parental Body) अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लभगढ़ के निर्वाचक मंडल संख्या 01 से 102 तक का चुनाव दिनांक 11/10/2026 (रविवार) तय किया गया है, जिसकी सूचना डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक एवं डायरेक्टर जनरल उच्चतर शिक्षा हरियाणा पंचकूला को दे दी गई है। दिनांक 11/10/2026 को नव-निर्वाचित कॉलेजियम सदस्यों की सूची एवं सभा के संविधान की कॉपी , निर्वाचन अधिकारी को सौंप दी जाएगी , वह कॉलेज गवर्निंग बॉडी के चुनाव की सूचना एवं कार्यक्रम स्पीड पोस्ट के माध्यम से इन सभी नव निर्वाचित कॉलेजियम सदस्यों को भेजेंगे।

सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि यदि दो या दो से अधिक पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार आपस में मिलकर एक ही चुनाव चिन्ह लेना चाहते हैं, तो उन्हें एक ही चुनाव चिन्ह आवंटित किया जा सकेगा। उक्त चुनाव चिन्ह संबंधित पदों पर चुनाव लड़ने वाले अन्य उम्मीदवारों को आवंटित नहीं किया जाएगा। वोट डालने का समय प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक रहेगा एवं अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ तिगांव रोड स्थित भवन में ही वोट डाले जाएंगे , व मतगणना भी उसी दिन की जाएगी एवं तत्पश्चात चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव में जो भी खर्च होगा, उसका पूरा वहन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लभगढ़ द्वारा किया जाएगा।

यह भी सर्वसम्मति से निश्चित किया गया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सभा के संविधान तथा विश्वविद्यालय एवं हरियाणा सरकार के लागू नियमों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।

President
Aggarwal College of Law (Women)
Ballabgarh-121004, Faridabad

General Secretary
Aggarwal College of Law (Women)
Ballabgarh-121004, Faridabad

Offg. Principal
Aggarwal College of Law (Women)
Ballabgarh-121004, Faridabad

26-08-2026